बृहस्पतिवार
06 अप्रैल 2023



पृष्ठ 4
संभलकर करें दही का सेवन, आपकी सेहत बिगाड़ सकती हैं ये गलतियां



पृष्ठ 5
शाहरुख खान की जवान में कैमियो करेंगे संजय दत्त



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 68
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

सत्याग्रह बल प्रयोग के विपरीत होता है। हिंसा के संपूर्ण त्याग में ही सत्याग्रह की कल्पना की गई है।

– महात्मा गांधी

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

### मुख्यमंत्री ने भाजपा मुख्यालय में फहराया पार्टी का झंडा

## भाजपा का लक्ष्य एक भारत श्रेष्ठ भारत: धामी



विशेष संवाददाता

देहरादून। विकल्प रहित संकल्प और सबका साथ-सबका विश्वास व सबके विकास के मूल मंत्र के साथ भाजपा निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। भारतीय जनता पार्टी को तिल से पहाड़ बनाने में उनके कार्यकर्ताओं ने जो मेहनत की है मैं आज उन सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने पार्टी को देश ही नहीं विश्व की नंबर वन राजनीतिक पार्टी बनाया है।

यह बात आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा मुख्यालय में पार्टी का ध्वजारोहण करने के बाद कहीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट है। पहले राष्ट्र

**❑कार्यकर्ताओं ने पहुंचाया शून्य से शिखर तक**
**❑जीत निरंतर और जीत का अंतर बढ़ाने का आह्वान**
**❑पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस**

उसके बाद पार्टी और उसके बाद व्यक्ति। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य एक भारत श्रेष्ठ भारत का जो लक्ष्य है उसे पूरा करने के लिए हमें निरंतर काम करने की जरूरत है। जब तक सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक नहीं पहुंचता है इस लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने आज पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि निरंतर जीत का जो क्रम जारी है हमें केवल इसे बनाए हुए ही नहीं रखना है बल्कि जीत के अंतर को निरंतर बढ़ाने के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में हमें एक तिहाई अंतर नहीं दो तिहाई अंतर से जीत दर्ज करनी है जिसके लिए कार्यकर्ताओं को और अधिक मेहनत से काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उनकी सरकार द्वारा जो अनेक विकास कार्य एक साल में किए गए हैं उनसे प्रदेश की जनता के बीच पार्टी की छवि और अधिक सुधरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

## यातायात व्यवस्था के लिए एरिया स्पेसिफिक प्लान जरूरी: संधु

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ.एसएस संधु ने कहा कि यातायात व्यवस्था के लिए भी यही आवश्यक है, कि एरिया स्पेसिफिक प्लान तैयार किया जाए।

आज यहां मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सचिवालय में देहरादून में यातायात संकुलन को कम करने को लेकर यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (यूएमटीए) की बैठक ली। मुख्य सचिव के पूर्व के आदेशों के क्रम में शहर के यातायात संकुलन कम करने की दिशा में लगातार अनुश्रवण प्रणाली की देखरेख के लिए यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (यूएमटीए) पाक्षिक रूप से बैठक आयोजित करायी जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि यातायात संकुलन को कम करने के लिए आमजन का पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर विश्वास जगाने के साथ ही यातायात नियमों का पालन कराया जाना भी आवश्यक है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के साथ ही नियमितता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एक समान योजना कहीं कारगर साबित नहीं होगी, किसी भी योजना के



लिए एरिया स्पेसिफिक प्लान तैयार किया जाना चाहिए। यातायात व्यवस्था के लिए भी यही आवश्यक है, कि एरिया स्पेसिफिक प्लान तैयार किया जाए। यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि ट्रेफिक जैम का एक मुख्य कारण यातायात के नियमों का पालन न करना भी है। यातायात संकुलन को रोकने के लिए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नो पार्किंग एरिया में गाड़ी पार्क करने वालों पर अधिक से अधिक चालान किए जाएं। इसके लिए ड्रोन कैमरों का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## देश में कोरोना के नए मामलों में तेजी जारी, पिछले 24 घंटे में 5335 नए मामले दर्ज

नई दिल्ली। भारत में कोरोना के नए मामलों में तेजी से उछाल जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 5335 नए मामले सामने आए हैं। कल के मुकाबले ये करीब 20 प्रतिशत ज्यादा है। कल 4435 केस आए थे। ताजा अपडेट के बाद देश में एक्टिव केस की संख्या भी 25 हजार के पार हो गई है। देश में अब उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 25,587 पहुंच गई है। साथ ही 23 सितंबर के बाद यह पहली बार है जब दैनिक कोविड केस 5 हजार के पार हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में दैनिक कोरोना संक्रमण दर अब बढ़कर 3.32 प्रतिशत हो गया है। आंकड़ों के अनुसार देश में अब सक्रिय मामले कुल केस का 0.06 प्रतिशत हैं। वहीं, मरीजों के कोरोना से ठीक होने यानी रिकवरी दर 98.75 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि पिछले 24 घंटों में 2,826 लोग कोरोना से ठीक भी हुए हैं। इससे देश में कोरोना से ठीक होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,82,538 हो गई है। बता दें कि पिछले कुछ हफ्तों में कोरोना के मामलों लगातार वृद्धि ने केंद्र और राज्यों के अधिकारियों को चिंतित कर रखा है। मामलों में वृद्धि से निपटने के लिए तमाम सरकारें स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे की तैयारी का आकलन करने के लिए समीक्षा बैठकें कर रही हैं। साथ ही आम लोगों से भी कोविड गाइडलाइन के पालन का आग्रह किया जा रहा है।

## भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद व अन्य चुनौतियों से भारत को मुक्त कराने को भाजपा प्रतिबद्ध: मोदी

नई दिल्ली। बीजेपी के स्थापना दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 44 साल के सफर को देखें तो हम शून्य से उस मुकाम पर हैं जहां से और आगे बढ़ना है। इस सफर से जुड़ी तरह तरह की स्मृतियां हैं जो बरबस याद आ जाती हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से भारत को मुक्त कराने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार कड़े कदम उठाने को प्रतिबद्ध है।

पीएम मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी संस्कृति परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद



की रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीतिक संस्कृति प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने की है। उन्होंने कहा आज हम देश के कोने-कोने में भगवान हनुमान जी की जन्म जयंती मना रहे हैं। हनुमान जी का जीवन और उनके जीवन के प्रमुख प्रसंग आज भी हमें पुरषार्थ के लिए प्रेरित करते हैं भारत की विकास यात्रा के लिए प्रेरणा देते हैं। हनुमान जी के पास असीम शक्ति है लेकिन इस शक्ति का इस्तेमाल वो तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त हो जाता है। 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी। लेकिन आज भारत बजरंगबली जी की तरह अपने भीतर सूक्त शक्तियों का आभास कर चुका है। जब हनुमान जी को राक्षसों का सामना करना पड़ा था तो वो उतने ही कठोर भी हो गए थे। इसी प्रकार से जब भ्रष्टाचार की बात आती है, जब परिवारवाद की बात आती है, कानून व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है। मां भारती को इन बुराइयों से मुक्ति दिलाने के लिए कठोर होना पड़े तो कठोर हों।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## कैसा लोकतंत्र और प्रेस की आजादी?

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद में जारी गतिरोध और हंगामे पर कई अति संवेदनशील बातें कही। भारत के लोकतंत्र को दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र और अन्य लोकतंत्रों की जननी बताते हुए उन्होंने संसद को लोकतंत्र का गर्भ ग्रह बताया। इन बीते कुछ सालों में देश के लोगों ने जो देखा है या वर्तमान में जो हो रहा है क्या वह किसी भी लोकतंत्र के मंदिर या गर्भ ग्रह में होना चाहिए? इसके साथ ही उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान सभा में दिए गए उस अंतिम भाषण का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने अपने ही कुछ लोगों के विश्वासघात के कारण देश के गुलाम होने की बात करते हुए कहा था कि यदि देश की राजनीतिक पार्टियां देश से अधिक पंथ को महत्व देगी तो हो सकता है कि दूसरी बार अपनी स्वतंत्रता को हमेशा के लिए गवां दे। इस देश में लोकतंत्र के चार स्तंभों की बात की जाती है। जिसमें कार्यपालिका और न्यायपालिका के साथ पत्रकारिता (मीडिया) को भी एक मजबूत स्तंभ माना जाता है। इन दिनों कार्यपालिका (संसद) में क्या कुछ हो रहा है इसे सिर्फ लोकसभा व राज्यसभा के सभापति ही नहीं देख या सुन रहे हैं उसे पूरा देश और विश्व देख और सुन रहा है। संसद में अगर विपक्ष कमजोर है तो क्या इसका मतलब यह होता है कि सत्ता पक्ष द्वारा उसकी बात को सुना ही न जाए? बीते कल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि हमें बोलने क्यों नहीं दिया जा रहा है। अगर हम नियम 267 के तहत अडाणी के मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं तो इस पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती है। जिस संसद की कार्यवाही पर एक घंटे में लाखों रुपए खर्च आता है अगर उस संसद की कार्यवाही को सत्ता पक्ष द्वारा इसलिए नहीं चलने दिया जाए कि वह उन मुद्दों पर चर्चा नहीं होने देना चाहता, जिन पर विपक्ष चर्चा चाहता है तो फिर यह कैसा लोकतंत्र और कैसा लोकतंत्र का मंदिर और कैसा गर्भ ग्रह है। इस संदर्भ में बीते कल देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मीडिया की स्वतंत्रता पर की गई टिप्पणी का जिक्र किया जाना इसलिए जरूरी है क्योंकि बात लोकतंत्र की हो रही है और मीडिया भी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। इस टिप्पणी में पीठ ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की आजादी जरूरी और सरकार की नीतियों की आलोचना को सत्ता का विरोध नहीं माना जा सकता है। पीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को नसीहत देते हुए कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे के हवाई दावे करके उसे नागरिक सुधारों के इन्कार करने का हथियार न बनाया जाए। पीठ ने केंद्र सरकार द्वारा केरल के एक चैनल को बैन करने के फैसले को गलत बताते हुए यह दलीलें दी गई है। हमारा संविधान देश के नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी देता है। हर किसी को कानूनी और सामाजिक मर्यादाओं के दायरे में रहकर अपनी बात कहने का अधिकार है। यह देश संविधान और समाज के नियम कानूनों से चलता है लेकिन क्या वर्तमान दौर में लोकतंत्र की मजबूती जिन मूल बिंदुओं या स्तंभों पर निर्भर है वह सभी स्तंभ अपने उत्तरदायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहे हैं। कार्यपालिका व प्रेस तक सही मायने में अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से नहीं निभा रहे हैं। इस दौर में सिर्फ अधिकारों की बात हुई है। निजी हितों की सोच हावी है सामाजिक सरोकार और राष्ट्रीय हित की बात सिर्फ दिखाने भर के लिए भाषणों तक सीमित हो गई है।

## भाजपा का लक्ष्य एक भारत श्रेष्ठ भारत

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

लिए किए जा रहे विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाएं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने जो शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है वह 1 दिन का सफर नहीं है। उन्होंने जनसंघ से लेकर पीएम मोदी तक के सफर के बारे में बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल के उच्च आदर्शों और अटल बिहारी वाजपेई तथा लालकृष्ण आडवाणी जैसे कुशल राजनीतिज्ञों के संघर्ष से ही पार्टी ने आज यह मुकाम हासिल किया है कि 1984 में 2 संसदीय सीट जीतने वाली भाजपा आज 300 के पार जा चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कृतित्व व व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व भारत को आने वाले कल का भविष्य मान रहा है। भाजपा द्वारा आज अपने 43वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी दून से लेकर जिला व ब्लॉक स्तर तक ही नहीं बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

*अधः पश्यस्व मोपरि संतरां पादकौ हर।*
*मा ते कशप्लकौ दृशन्स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ॥*

(ऋग्वेद ८-३३-१९)

हे गृहस्थी पति और पत्नी ! तुम दोनों की नजर ऊपर आकाश में ना हो, कोई घमंड ना हो। दोनों पैरों से संयम से चलो अर्थात आप दोनों गृहस्थ के दो पैर हैं। गृहस्थ रूपी यज्ञ की ब्रह्मा पत्नी होती है, उसी के मार्गदर्शन में गृहस्थ रूपी यज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न करना चाहिए।

O married couples ! Both of you should not have your eyes on the sky and there should not be any arrogance. Walk carefully with both feet which means both of you are the two feet of the household. The wife is the Brahma of household Yajyan under her guidance, the household's Yajyan should be successfully performed. (Rig Ved 8-33-19)

# गांवों में कूड़ा प्रबंधन एवं निस्तारण विषय पर एक नवाचार 'क्लीन द हिमालया' कल से

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। जिपंस जगत मर्तोलिया का चीन सीमा से लगे सीमांत क्षेत्र के गांवों में कूड़ा प्रबंधन एवं निस्तारण विषय पर एक नवाचार सात अप्रैल से शुरू हो रहा है। प्रथम चरण में 6 ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर 1238 परिवारों को कूड़ा प्रबंधन एवं निस्तारण का पाठ पढ़ाया जाएगा। इन गांवों को मांडल गांव बनाने की योजना है।



जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने जिला पंचायत बोर्ड से इस महाअभियान के लिए 9.70 लाख रुपए स्वीकृत कराएं है। इस राशि से प्रत्येक परिवार को कूड़ा दान तथा जूट बैग निशुल्क दिया जा रहा है। उसके लिए पात्र वहीं होगा जो एक दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेगा। इस नवाचार को 'क्लीन द हिमालया' नाम दिया गया है।

अभियान में हिमालय क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए एक मार्मिक अपील की जा रही है कि आइए हिमालय क्षेत्र को स्वच्छ रखिए अपने बच्चों के लिए ताकि यह शब्द लोगों के जेहन में उतर सके।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बताया कि 7 अप्रैल को क्वीरीजीमिया, 8 को ढिमढिमिया तथा फल्याटी, 9 को जलथ तथा जैती, 10 को खसियाबाडा तथा कवाधार में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

इस अभियान के लिए जिला प्रशासन तथा ग्राम्य विकास विभाग से सहयोग के लिए जिला अधिकारी रीना जोशी तथा मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी को पत्र भी लिखा गया है।

उन्होंने कहा कि हम अपनी पीढ़ियों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए धन की बचत करते है, लेकिन उनके जीवन रक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण की चिंता नहीं करते है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्राम स्वच्छता समिति को भी सक्रिय किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला पंचायत वार्ड के 25 ग्राम पंचायतों का चयन हिंदी वर्णमाला के क्रमानुसार किया गया है। ताकि चयन पर कोई विवाद न हो।

उन्होंने कहा कि लोगों को आदतों को बदलना चुनौती पूर्ण कार्य है। इसलिए वे इन गांवों को कूड़ा प्रबंधन एवं निस्तारण पर भविष्य में भी फोकस करेंगे।

# अवशेष विदेशी मदिरा की दुकानों के व्यवस्थापन की कार्यवाही आबकारी नियमावली 2023 में निहित प्राविधनानुसार की गई

कार्यालय संवाददाता

टिहरी। वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु जनपद क्षेत्रांतर्गत अवशेष विदेशी मदिरा की दुकानों के व्यवस्थापन की कार्यवाही जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल डॉ. सौरभ गहरवार, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आवेदनकर्ताओं की उपस्थिति में की गई।



जिला कलेक्ट्रेट सभागार नई टिहरी में कल देर सांय अवशेष विदेशी मदिरा की दुकानों के व्यवस्थापन की कार्यवाही आबकारी नियमावली 2023 में निहित प्राविधानुसार की गई। इस अवसर पर अवगत कराया गया कि जनपद क्षेत्रांतर्गत प्रथम चरण में 15 विदेशी मदिरा की दुकानों का नवीनीकरण पूर्ण हो चुका है। आज द्वितीय चरण में अवशेष 11 विदेशी मदिरा की दुकानों में से 06 दुकानों के लिए 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें चंबा की दुकान के लिए 01, नैनबाग के लिए 01, कोडियाला के लिए 0, घनसाली के लिए 01, चमियाला के लिए 18 तथा रजाखेत की दुकान के लिए 05 आवेदन प्राप्त हुए। बताया कि सभी 27 आवेदनों का परीक्षण जिला आबकारी अधिकारी टिहरी गढ़वाल द्वारा किया गया है तथा सभी आवेदन पूर्ण पाए गए हैं।

06 विदेशी मदिरा की दुकानों हेतु 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 01 आवेदन महिला तथा 26 आवेदन पुरुषों के द्वारा किए गए।

चंबा, घनसाली, कोडियाला तथा नैनबाग की दुकान हेतु एक एक आवेदन प्राप्त हुए जो क्रमश पुरन सिंह गुसाईं, विजय राम सेमवाल, क्रांति किशोर तथा जितेंद्र सिंह सजवाण को आवंटित हुई, जबकि चमियाला की दुकान हेतु 18 आवेदन तथा रजाखेत की दुकान हेतु 05 आवेदन प्राप्त हुए जिनके व्यवस्थापन की कार्यवाही लॉटरी के माध्यम से की गई, जिसमें चमियाला की दुकान सवेन्द्र सिंह को तथा रजाखेत की दुकान अनुजवंत सिंह को आवंटित हुई।

जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि दुकानों के व्यवस्थापन की कार्यवाही का कार्यवृत्त बनवाना सुनिश्चित करें तथा इसकी प्रति सभी आवेदन कर्ताओं को उपलब्ध कराएं।

# यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग पर चलाया स्वच्छता अभियान

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी (लोकेंद्र सिंह बिष्ट)। मां गंगा के मायके गंगा घाटी में बृहद स्वच्छता अभियान के बाद जिला प्रशासन वा सामाजिक संगठनों एवम गंगा विचार मंच की पहल से अब मां यमुना जिनके धाम यमुनोत्री में भी बृहद स्वच्छता अभियान के साथ स्वच्छता से जुड़ी वाल पेंटिंग बड़े स्तर पर की जा रही है। 5 अप्रैल को जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला के निर्देश से एसडीएम बड़कोट जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग पर बृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र - छात्राओं के अलावा यमुनोत्री मंदिर समिति, जिला पंचायत एवं तहसील प्रशासन के कार्मिक सम्मिलित हुए।




एसडीएम ने बताया कि चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। निर्माण कार्य तेजी के साथ कराए जा रहे है। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएगी। साथ ही समय -समय पर इसी तरीके के स्वच्छता अभियान और भी चलाएं जाएंगे।

इधर गंगा विचार मंच के प्रांत संयोजक ने कहा कि अब नमामि गंगे योजनांके साथ साथ यमुना जी को भी प्रदूषण मुक्त करने का अभियान माननीय प्रधानमंत्री जी श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देश के बाद शुरू हो चुका है। अब देश में बहने वाली सभी नदियों को स्वच्छ करने एवम प्रदूषण मुक्त करने का बीड़ा भी केंद्र सरकार ने ले लिया है।

# परिवहन चेकपोस्टों की पुनर्स्थापना करे सरकारः मोर्चा

नगर संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की सीमा से लगी परिवहन विभाग की चेक पोस्टों को कुछ समय पहले सरकार द्वारा हटा लिया गया तथा उसके स्थान पर सचल दल यानी डायनामिक टास्क फोर्स का गठन किया गया। उक्त चेक पोस्टों के हटने से अन्य प्रदेशों से राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों पर निगरानी नहीं रह पाएगी, जिस कारण मिलने वाला टैक्स निगरानी के अभाव में खटाई में पड़ जाएगा।



उन्होने कहा कि उक्त निगरानी के लिए चेक पोस्टों की पुनर्स्थापना आवश्यक है। दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी न होने के चलते चेक पोस्ट पर मैनुअल रसीद काटी जा सकती है, लेकिन एक क्षेत्र में एक सचल दल कहां- कहां तक निगरानी रख पाएगा। उन्होने बताया कि इस मामले में उन्होने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया गया है।

नेगी कहा कि इसके अतिरिक्त कुछ समय पहले विभाग द्वारा डीपीसी की गई थी, जिसके तहत प्रवर्तन सिपाहियों को पदोन्नत कर प्रवर्तन पर्यवेक्षक बना दिया गया। पदोन्नति होने के उपरांत विभाग में बहुत कम संख्या में प्रवर्तन सिपाही रह गए हैं, जिनकी भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता है। बताया कि उन्होने परिवहन सचिव/ आयुक्त अरविंद सिंह ह्यांकी से इस संबंध में वार्ता की गई, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि इस मामले में अधियाचन भेजा जा चुका है।

# स्मैक के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई थाना पुलिस ने शिव नगर के पास स्कूटी सवार स्कूटी सवार व्यक्ति को रूकने का इशारा किया तो वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 6 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रमोद साहनी पुत्र लक्ष्मी साहनी निवासी शिवनगर बस्ती बताया। वहीं विकासनगर कोतवाली पुलिस ने कुरेशी मौहल्ला के पास एक महिला को छह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम सलमा पत्नी अमजद निवासी कुरैशी मौहल्ला जीवनगढ बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# समिति ने सरकार को बताया जनविरोधी

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने प्रदेश सरकार को जनविरोधी करार दिया। आज यहां नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रदेश सरकार को जनविराधी करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बिजली पानी और इलाज को महंगा कर दिया गया है जो कि एक सोचनीय और विचारणीय विषय है। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है डंडरियाल और वारसी ने उम्मीद जताई कि सरकार बिजली पानी और इलाज के दामों में वृद्धि को वापस लेकर जनता को राहत दिलाएगी।

# सद्भाव रोजा इफ्तार

संवाददाता

देहरादून। महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा ने कैण्ट विधानसभा क्षेत्र में सद्भाव रोजा इफ्तार कर आयोजन किया गया। यहां महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर प्रथम सामूहिक रोजा इफ्तार कैंट विधानसभा में भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष अकबर कुरैशी के कैंट विधानसभा निवास पर सद्भाव रोजा इफ्तार प्रोग्राम हुआ अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर महामंत्री रईस अंसारी जी ने बताया कि कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के द्वारा प्रत्येक जिले में होने हैं। उसी की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सक्रिय जिलाध्यक्ष यासमीन आलम के दिशा निर्देश पर कार्यक्रम सुनिश्चित किए जा रहे है। जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर प्रभारी मुकेश कोली वक्फ बोर्ड चेयरमैन शादाब शम्स पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर शकील प्रदेश उपाध्यक्ष नाजिम राठी, अंकुर जैन, गुरप्रीत सिंह, सबीना सिद्दीकी, महानगर उपाध्यक्ष शादाब अख्तर, शमशाद कुरैशी, इसराइल मलिक, आई खान, इफतकार खान आदि मौजूद थे।

# व्यावसायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में उभरता नरेंद्रनगर डिग्री कॉलेज

## ❑अवस्थापना सुविधाओं और पी.जी. पाठ्यक्रमों की है दरकार

●डॉ० विक्रम सिंह बर्त्वाल



इस वर्ष धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय अपनी विकास यात्रा के 17 वर्ष पूरा करने जा रहा है, कम खर्चे में स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा को उपलब्ध कराना महाविद्यालय के प्राथमिक उद्देश्यों में शामिल रहा है ,लेकिन अभी भी महाविद्यालय को अवस्थापना एवं स्नातकोत्तर ( पीजी) स्तर पर पाठ्यक्रमों के संचालन की सुविधा की दरकार है।

धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर उत्तराखंड राज्य के टिहरी जनपद में नरेंद्रनगर तहसील के अंतर्गत समुद्र तल से 1313 मीटर की ऊंचाई पर कांडा-मय-डौर नरेंद्र नगर नामक स्थान पर अवस्थित है।

विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नगरी ऋषिकेश से यह स्थान लगभग 20 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय टिहरी से 70 किलोमीटर तथा प्रदेश की राजधानी देहरादून से 65 किलोमीटर दूर है। क्षेत्रीय स्तर पर शैक्षिक प्रसार और आर्थिक उन्नयन की दृष्टिगत 2006 में उत्तराखंड सरकार द्वारा इस महाविद्यालय की स्थापना की गई।

प्रारंभ में बीकॉम की कक्षाओं से महाविद्यालय की शुरुआत नरेंद्र नगर झंडा मैदान स्थित नगर पालिका के भवन से प्रारंभ की गई इसके उपरांत महाविद्यालय का विस्तार कला संकाय के पांच विषयों की स्वीकृति के रूप में हुआ। स्थान की अतिरिक्त आवश्यकता के मद्देनजर पाठ्यक्रमों का संचालन नरेंद्रनगर स्थित पुराना कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल में 2014 में प्रारंभ हुआ।

महाविद्यालय के विकास और विस्तार की श्रृंखला में वर्ष 2016-17 से बीएससी, एम कॉम एवं स्नातक स्तर पर पर्यटन जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम के संचालन से हुई। पाठ्यक्रमों की स्वीकृति और संचालन की प्रक्रिया में वर्ष 2017-18 से कला संकाय के अंतर्गत एक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातक स्तर पर ऑनर्स पाठ्यक्रम का संचालन प्रारंभ हुआ ।

इधर नरेंद्रनगर से लगभग 6 किलोमीटर दूर कांडा-मय-डौर गांव के पास महाविद्यालय के लिए स्वीकृत लगभग 2 हेक्टेयर जमीन पर महाविद्यालय के निजी भवनों का निर्माण कार्य भी जारी रहा । परिणामस्वरूप नरेंद्र नगर स्थित पुराना कलेक्ट्रेट भवन के जीर्ण शीर्ण कमरों से जुलाई 2019 में महाविद्यालय को कांडा -मय- डौर नामक स्थान पर महाविद्यालय के निजी भवनों में स्थानांतरित किया गया ।

यहां भी महाविद्यालय के अकादमिक विकास में पाठ्यक्रमों की स्वीकृति का क्रम जारी है वर्ष 2020 -21 से बीएससी गृह विज्ञान एवं वर्ष 2022- 23 से बीसीए/बीबीए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन विधिवत शुरू हो गया है जो कि राजकीय महाविद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के संचालन में ऐतिहासिक है।

वर्तमान में महाविद्यालय के पास चार भवन जिनमें अकादमिक भवन, रूसा भवन, प्रशासनिक भवन और बहुउद्देशीय भवन अस्तित्व में है इसके साथ ही साहसिक पर्यटन के दृष्टिगत पर्वतारोहण के गुर सीखने के लिए कृतिम रॉक क्लाइंबिंग वॉल महाविद्यालय परिसर में निर्मित की गई है ।वर्तमान समय में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों का विवरण देखे तो स्नातक विज्ञान वर्ग में पांच विषयों के साथ गृह विज्ञान अतिरिक्त पाठ्यक्रम के रूप में कला वर्ग में 6 विषय वाणिज्य वर्ग में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाएं इसके अतिरिक्त चार व्यवसायिक पाठ्यक्रमों यथा बीसीए, बीबीए, जर्नलिज्म एवं टूरिज्म सहित लगभग 29 कक्षाओं के संचालन का भार महाविद्यालय पर है छात्रों के प्रवेश के लिए स्वीकृत सीटों का आकलन किया जाए तो लगभग महाविद्यालय की क्षमता 12 सौ से 1250 के मध्य आगणित की गई है। हालांकि वर्तमान सत्र 2022 23 में महाविद्यालय में लगभग 350 छात्र-छात्राओं का प्रवेश है लेकिन फिर भी लगभग 30 कक्षा कक्षों की आवश्यकता के सापेक्ष महाविद्यालय के पास मात्र 6 कक्षा कक्ष ही उपलब्ध है प्रायोगिक एवं व्यावसायिक विषयों में किसी भी पाठ्यक्रम के पास प्रयोगशाला नहीं है।

मानव संसाधन के रूप में महाविद्यालय के पास वर्तमान में अंग्रेजी विषय के अलावा सभी विषयों में प्राध्यापक नियुक्त हैं वर्तमान में महाविद्यालय के पास 25 प्राध्यापक, 7 कार्यालय कर्मी, 9 प्रयोगशाला सहायक 15 उपनल और पीआरडी कर्मी सहित स्थाई प्राचार्य मौजूद है।




छात्रों की सुविधा के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है महाविद्यालय की आवश्यकता अनुसार तीक्ष्ण ढाल एवं चट्टानी भूमि के कारण भवनों के विस्तार में समय तथा धन वांछित है ,जिससे स्वीकृत पाठ्यक्रमों के अनुरूप छात्रों को आधारभूत सुविधा प्रदान की जा सके साथ ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट एवं मुख्य सड़क मार्ग से दूरी की कारण महाविद्यालय में अपेक्षानुसार छात्रों का प्रवेश नहीं हो पा रहा है जोकि महाविद्यालय की कमजोरी बनी हुई है ।

बहराल अपनी मौजूदा स्थिति और परिस्थिति के साथ धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वायत्त संस्था राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के समक्ष इस वर्ष अपने मूल्यांकन एवं प्रत्यायन के लिए पंजीकृत हो गया है। जिससे भविष्य के सपने साकार हो सके।

# नफ़रती भाषा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

अजय दीक्षित

सुप्रीम कोर्ट का यह कहना सबकी आंखें खोल देने वाला है कि जब राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे और नेता धर्म के जरिये राजनीति में ऊंचे मुकाम हासिल करने का ख्वाब छोड़ देंगे तभी हेट स्पीच को खत्म किया जा सकता है। हेट स्पीच को दुष्चक्र बताते हुए कोर्ट ने कहा कि इससे फायदा उठाने के प्रयास में छोटी मानसिकता के लोग ऐसे-ऐसे भाषण देते हैं जिनसे हालात में तनाव के सिवा कुछ हासिल नहीं होता। कोर्ट की टिप्पणियां नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने को लेकर राज्यों के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आई । कोर्ट ने कहा लोगों को खुद को संयमित रखना चाहिए। वे दूसरे समुदायों को अपमानित न करने का संकल्प क्यों नहीं ले सकते । एक याचिकाकर्ता के वकील ने जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने महाराष्ट्र में कई रैलियों में दिये गये नफरती भाषणों के संबंध में एक समाचार रिपोर्ट का हवाला दिया था । इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने समाचार रिपोर्ट के आधार पर याचिका दायर करने पर आपत्ति की । इस पर बेंच ने कहा कि हम समझते हैं कि क्या हो रहा है । तव सॉलिसिटर जनरल ने कहा, कि याचिकाकर्ता को सभी धर्मों में नफरत फैलाने वाले भाषणों को इकट्ठा करने और समान कार्रवाई के लिए अदालत के समक्ष रखने का निर्देश दिया जाये । सालिसीटर जनरल जैसे ऊंचे स्तर से याचिकाकर्ता जैसे व्यक्ति से ऐसी अपेक्षा न्यायसंगत नहीं लगती। यह काम तो पूरी तरह सरकारों का है कि ऐसी घटनाओं पर नजर रखें और आवश्यक कार्रवाई करें । इसी कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बेंच ने पूछा कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद क्या कार्रवाई की गई । कहा कि शिकायत दर्ज करने से अभद्र भाषा की समस्या का समाधान नहीं होने वाला । तब सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि नफरत भरे भाषणों के संबंध में 18 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं । पिछले साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा था कि संविधान भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में देखता है, और दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड सरकारों को अभद्र भाषा के मामलों पर सख्त कार्रवाई करने और शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था । सरकारों को ऐसे मामलों में तुरन्त और कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये

# एकता का विकल्प नहीं

बात यहां तक पहुंच चुकी है कि साधारण से बयानों और पोस्टरों को लेकर विपक्ष के खिलाफ कानूनी मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। तो सवाल उठा है कि क्या सरकार विपक्ष के नेताओं को कानूनी मामलों में फंसा कर उनकी आवाज दबाना चाह रही है?

विपक्षी दलों में राष्ट्रीय स्तर पर अभी दिख रही एकजुटता आगे चल कर क्या शक्ल लेगी, इस बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। अगर एकता टिकी भी रही, तो यह अगले आम चुनाव में कितनी प्रभावी होगी, इस बारे में भी अभी कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। फिलहाल सिर्फ यह साफ है कि विपक्षी दलों ने महसूस किया है कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजर रहा है- अगर अब वे साथ नहीं आए, तो एक-एक कर सबका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। बात सिर्फ राहुल गांधी पर हुई कार्रवाई की नहीं है। बल्कि यह यहां तक पहुंच चुकी है कि साधारण से बयानों और पोस्टरों को लेकर विपक्ष के खिलाफ कानूनी मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। तो यह वाजिब सवाल उठा है कि क्या सरकार विपक्ष के नेताओं को कानूनी मामलों में फंसा कर उनकी आवाज दबाना चाह रही है? जाहिर है, तमाम विपक्षी दल ऐसा ही महसूस कर रहे हैँ। मानहानि के प्रावधान का जिस तरह सियासी इस्तेमाल हुआ है, उसने अब जाकर विपक्षी समूहों की आंख खोली है। जिस मामले में राहुल गांधी की संसद सदस्यता गई, उसकी सुनवाई करीब चार साल तक चली। अब जाकर अचानक कार्यवाही क्यों तेजी हुई, इसको लेकर विपक्ष अपने अपने निष्कर्ष निकाले हैं। राहुल गांधी के खिलाफ इसके पहले भी मानहानि के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र, असम, झारखंड आदि में उनके खिलाफ मानहानि के कई मुकदमे चल रहे हैँ। लेकिन मानहानि ही विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिए सरकार के पास इकलौता जरिया नहीं है। भ्रष्टाचार और अन्य आरोपों के आधार पर केंद्रीय एजेंसियों का विपक्ष के नेताओं को ही निशाना बनाना इसी सिलसिले की एक कड़ी मानी गई है। गुजरात में एक कांग्रेस कार्यकर्ता को प्रधानमंत्री की तस्वीर फाड़ने के आरोप में सजा हुई है, तो दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करने वाले पोस्टरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने दर्जनों मामले दायर किए हैं और छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ऐसा इसके पहले आजाद भारत में कभी नहीं हुआ। विपक्ष ने इस घटनाक्रम का संदेश समझा है, यह अच्छी बात है।( आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# संभलकर करें दही का सेवन, आपकी सेहत बिगाड़ सकती हैं ये गलतियां



गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है और अब इन दिनों में दही का सेवन घरों में रोज किया जाने लगेगा। गर्मी में हर कोई दही खाना पसंद करता है क्योंकि ये पेट को ठंडा रखता है। आयुर्वेद में दही के अनगिनत फायदे बताए गए हैं और इसे एक बढ़िया आहार माना गया है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व जैसे कैल्शियम, विटामिन बी-2, विटामिन बी 12, पोटैशियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाए जाते है। लेकिन आपको दही का सेवन जरा संभलकर करना चाहिए क्योंकि कई बार यह आपकी सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकता हैं। जी हां, दही के सेवन से जुड़ी कुछ ऐसी गलतियां हैं जो आपकी सेहत को बिगाड़ने का काम करती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको इसी से जुड़ी जानकारी देने जा रहे हैं।

रात को दही खाने से बचें

डॉक्टर ने बताया कि रात के समय दही का सेवन कभी नहीं करना चाहिए। रात को दही खाने से शरीर में सुस्ती आ सकती है, जो बलगम के उत्पादन के कारण होता है। आयुर्वेद के अनुसार दही के मीठे और कसैले गुण बलगम पैदा करते हैं, जिससे सांस लेने में समस्या, नाक बंद होना, गठिया और यहां तक कि सूजन भी हो जाती है।

ना करें ज्यादा मात्रा में सेवन

ऐसा कहा जाता है कि अगर आपका पाचन तंत्र कमजोर है तो आपको दही का सेवन रोजाना नहीं करना चाहिए। पाचन तंत्र सही से काम ना करने पर ज्यादा दही खाने से आपको कब्ज की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। दही में फैट की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है। ऐसे में इसका अधिक मात्रा में सेवन करने से आपका वजन भी बढ़ सकता है। इसके चलते हड्डियों का घनत्व कम होने लगता है, जिससे घुटनों में दर्द की समस्या बढ़ सकती है।

दही को गर्म न करें

वैसे तो कोई दही को गर्म नहीं करता है लेकिन कुछ डिश दही के मिश्रण से बनी होती हैं। अगर आप दही के मिश्रण से बनी डिश को गर्म करते हैं, तो यह आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। डॉक्टर के अनुसार, दही को गर्म करने पर यह अपने गुणों को खो देता है।

ये लोग न करें दही का सेवन

मोटापा, कफ विकार, रक्तस्राव विकार या सूजन से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित लोगों को दही के सेवन से बचना चाहिए। इसका सेवन करने से आपकी हालत और ज्यादा बिगड़ सकती है।

ना करें इन चीजों का दही के साथ सेवन

प्याज और दही

गर्मी के दिनों में हमारे बड़े बुजुर्ग हमें प्याज खाने की सलाह देते हैं। गर्मियों में प्याज खाने से लू से बचाव होता है। दरअसल दही शरीर को ठंडक पहुंचाता है और प्याज की तासीर गर्म होती है। ऐसे में अगर प्याज और दही का सेवन एक साथ किया जाए तो यह हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

आम और दही

आम का मीठा स्वाद दही से बनी लस्सी और स्ïद्वीज का जायका और अधिक बढ़ा सकता है। पर बहुत से लोगों को इस बात का अंदाजा भी नहीं होगा कि यह उनके स्वास्थ्य के लिए कितना बड़ा खतरा हो सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आम और दही की तासीर अलग-अलग होती है और इसीलिए इनका सेवन एकसाथ करने से शरीर में टॉक्सिन या विषैले तत्वों का स्तर बहुत अधिक बढ़ सकता है।

मछली और दही

सीफूड लवर्स के लिए मछली और चिकन को मेरीनेट कर उनसे अलग-अलग तरह की डिशेज तैयार करना खूब पसंद आता है। लेकिन, दही के साथ मछली का सेवन कई बीमारियों की वजह बन सकता है। दरअसल, मछली में प्रोटीन की मात्रा काफी अधिक होती है वहीं, दही में भी प्रोटीन पाया जाता है। जब प्रोटीन का सेवन अधिक मात्रा में किया जाता है तो इससे, पाचन तंत्र के लिए उसे पचा पाना मुश्किल हो जाता है और पेट में दर्द और इनडाइजेशन जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

दूध और दही

दूध और दही का नाम तो साथ में लिया जाता है लेकिन इन्हें साथ खाया नहीं जाता। दूध और दही साथ खाना या फिर दही खाने के तुरंत बाद दूध पीने पर एसिडिटी, जी मिचलाना, सीने में जलन, पेट फूलना और दस्त आदि हो सकते हैं। वहीं, दूध और दही फैट्स से भी भरपूर होते हैं इसलिए भी इन्हें साथ नहीं खाना चाहिए। ( आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -079

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# रोहित शेट्टी ने किया अपनी पहली मराठी फिल्म स्कूल कॉलेज एनी लाइफ का ऐलान

बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अब मराठी सिनेमा में अपनी धाक जमाने को तैयार हैं। वह मराठी फिल्म स्कूल कॉलेज आणि लाइफ के जरिए मराठी इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। बता दें कि रोहित इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। विहान सूर्यवंशी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया है।

बता दें कि इस फिल्म में तेजस्वी प्रकाश और करण परब लीड रोल में हैं। यह फैमिली एंटरटेनर फिल्म बताई जा रही है। जैसा कि नाम से ही साफ है कि यह फिल्म स्कूल-कॉलेज की लाइफ पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर काफी दिलचस्प है। इसे देखकर आपको भी अपने स्कूल और कॉलेज वाले दिन याद हो आएंगे। स्कूल की लाइफ में मस्ती और पढ़ाई के अलावा युवा किन चुनौतियों से गुजरते हैं यह ट्रेलर में दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत स्कूल के दृश्य से होती है। क्लास में बैठकर बच्चे शरारत और मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद कॉलेज की लाइफ है और एक कॉलेज वाली लव स्टोरी भी है। यह लव स्टोरी किस मोड़ पर जाती है, आप ट्रेलर में देख सकते हैं। ट्रेलर में तेजस्वी प्रकाश को रोमांटिक अंदाज दिखाया गया है। बता दें कि यह तेजस्वी प्रकाश की भी यह मराठी डेब्यू फिल्म है। तेजस्वी ट्रेलर में बेहद मासूम लग रही हैं। इस फिल्म को रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ रोहित शेट्टी, पवित्र गांधी और विवेक शाह मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म 14 अप्रैल 2०23 को रिलीज होगी। फैंस पिछले तीन साल से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2०2० में तेजस्वी प्रकाश ने जब रोहित शेट्टी का टीवी रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी किया था, तभी उनकी इस फिल्म का एलान किया गया था। हालांकि, कुछ वजहों के चलते यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई थी। फैंस तभी से इसका इंतजार कर रहे थे, जो अब पूरा हुआ है।

# रिया कपूर ने शुरु की द क्रू की शूटिंग

निर्माता रिया कपूर ने अपनी मां सुनीता कपूर के जन्मदिन पर शेयर किया कि वह अपनी अगली फिल्म द क्रू की शूटिंग शुरू कर रही हैं। रिया ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में फिल्म का क्लैप बोर्ड है, जबकि दूसरी में उनकी मां की तस्वीर है। कैप्शन के लिए, रिया ने लिखा- क्या यह वास्तविक जीवन है, डे 1. जन्मदिन मुबारक हो मां, मैं तुम्हारे बिना यहां तक नहीं पहुंच सकती ! मैं तुमसे प्यार करती हूं ! फिल्म में तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन हैं। करीना ने कमेंट सेक्शन में लिखा, करीना कपूर खान- सो रेडी माय गर्ल लव यू माय रिया। कहानी तीन महिलाओं की है, जो जीवन के साथ आगे बढ़ने के लिए काम करती हैं। लेकिन जैसे-जैसे वे आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनकी सामने मुसीबत आनी शुरु हो जाती है, जो उन्हें खतरनाक परिस्थितियों की ओर ले जाती है, जिससे वे झूठ के जाल में फंस जाते हैं। राजेश कृष्णन द्वारा निर्देशित और बालाजी मोशन पिक्चर्स लिमिटेड और अनिल कपूर प्रोडक्शंस द्वारा सह-निर्मित यह फिल्म मार्च 2०23 के अंत तक तैयार हो जाएगी।

# पंजाबी फिल्म हनीमून की शूटिंग के कारण नहीं कर पाई विक्रम भट्ट की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू:जैस्मिन

टीवी अभिनेत्री जैस्मिन भसीन के बॉलीवुड डेब्यू की लंबे समय से चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि जैस्मिन विक्रम भट्ट की एक फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। इसके बाद इस फिल्म के बारे में कोई अपडेट नहीं आया। अब एक इंटरव्यू में जैस्मिन ने खुद पुष्टि की है कि वह विक्रम भट्ट की एक फिल्म करने वाली थीं, जिसको महेश भट्ट ने लिखा था।

उन्होंने फिल्म छोड़ने की वजह भी बताई है। उन्होंने कहा, हां मैं एक फिल्म करने वाली थी जिसका निर्माण विक्रम भट्ट की प्रोडक्शन कंपनी कर रही थी। इसे महेश भट्ट ने लिखा था और विक्रम भट्ट के एक सहयोगी इसका निर्देशन करने वाले थे। तब मैं हनीमून की शूटिंग कर रही थी और फिल्म को टालना पड़ा। हम ऐसे बिंदु पर पहुंच गए जहां मेरे पास समय नहीं था और फिल्म की शूटिंग शुरू करनी थी। जैस्मिन ने बताया कि इसकी वजह से उनके और विक्रम के बीच कोई कड़वाहट नहीं है। उन्होंने विक्रम से माफी मांगी थी और उन्होंने जैस्मिन की बात समझी। दोनों ने आपसी सहमति से तय किया कि अगर चीजें नहीं बन पा रही हैं, तो इसे छोड़ देना ही बेहतर है। जैस्मिन ने आगे कहा, दुर्भाग्य से मैं यह फिल्म नहीं कर रही हूं, लेकिन मैं इस मौके के लिए विक्रम सर को धन्यवाद देती हूं।

जैस्मिन ने गिप्पी ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म हनीमून में काम किया है। अब उन्हें अपने बॉलीवुड डेब्यू का इंतजार है। वह इसके लिए काफी मेहनत कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं हर वो ऑडिशन दे रही हूं, जिसके लिए मुझे बुलाया जा रहा है। मैं अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ रही हूं। मेरा हौसला और उम्मीदें बरकरार हैं। यह मेरा सपना है और मैं अपने सपनों को पूरा करने में विश्वास रखती हूं।

जैस्मिन टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। उन्होंने बतौर मॉडल अपने करियर की शुरुआत की थी। 2015 में उन्हें टशन-ए-इश्क से ब्रेक मिला। वह दिल से दिल तक में भी नजर आ चुकी हैं। नागिन 4 ने उन्हें काफी लोकप्रियता दिलाई। इसके बाद बिग बॉस 14 से उनका अलग प्रशंसक वर्ग बना। वह साउथ की कुछ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। जैस्मिन के साथ उनके प्रशंसकों को भी उनके डेब्यू का इंतजार है।

# शाहरुख खान की जवान में कैमियो करेंगे संजय दत्त



शाहरुख खान ने साल की शुरुआत में ही पठान के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया। फिल्म को दुनियाभर में प्यार मिला और यह रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने में सफल रही। पठान की सफलता के बाद अब किंग खान जवान को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसकी फिलहाल शूटिंग चल रही है। अब एटली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म से जुड़ा एक अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो संजय दत्त जवान में कैमियो करने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने जवान में संजय के होने की पुष्टि की। सूत्र ने कहा, इस भूमिका के लिए कास्टिंग करना एटली के लिए कठिन था, क्योंकि उन्हें ए-लिस्ट स्टार की आवश्यकता थी, जो शाहरुख के साथ पहले पर्दे पर दिखाई नहीं दिए। रिपोर्ट में मुताबिक, पहले अल्लू अर्जुन से बात की गई थी, लेकिन उन्होंने पुष्पा 2 में व्यस्त होने के चलते ऑफर ठुकरा दिया। इसके बाद निर्माता संजय के पास फिल्म लेकर गए। हालांकि, संजय के लिए यह पहली बार नहीं होगा कि वह शाहरुख के साथ नजर आएंगे। इससे पहले दोनों ओम शांति ओम के एक गाने में साथ दिखे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, संजय अभी थलपति विजय की फिल्म लियो की शूटिंग के लिए कश्मीर में हैं। अब जल्द ही वह मुंबई में जवान की शूटिंग के लिए लौटेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि शाहरुख और संजय के सीक्वेंस को शूट करने के लिए एक भव्य सेट बनाया जाएगा। एटली की जवान में शाहरुख के साथ पहली बार साउथ की लेडी सुपरस्टार कही जाने वाली नयनतारा नजर आएंगी। इनके अलावा फिल्म में विजय सेतुपति, योगी बाबू और सान्या मल्होत्रा भी मुख्य भूमिका में हैं। एक्शन से भरपूर यह फिल्म 2 जून, 2०23 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। हाल ही में फिल्म से शाहरुख का एक एक्शन सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसे देखने के बाद फैंस काफी उत्सुक हो गए थे।

संजय लियो और जवान के अलावा विकास वर्मा के निर्देशन में बन रही द गुड महाराजा में नजर आएंगे, जो 1० नवंबर को रिलीज होगी। यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1००० पॉलिश बच्चों को बचाने वाले जामनगर के महाराजा के वास्तविक जीवन की घटना पर आधारित एक पीरियड फिल्म है। पिछले साल अभिनेता केजीएफ 2 और शमशेरा में नजर आए थे। केजीएफ2 अपना कमाल दिखाने में सफल रही थी, तो रणबीर कपूर के साथ शमशेरा फ्लॉप रही थी। पिछले चार साल से शाहरुख बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए थे। इस साल उन्होंने पठान के साथ धमाकेदार वापसी की और अब उनकी जवान आने वाली है। इसके अलावा वह राजकुमार हिरानी की डंकी मेंभी दिखाई देंगे, जो 22 दिसंबर को रिलीज होगी। (आरएनएस)

# भोला के बाद पूरा यूनिवर्स लाने की तैयारी में अजय देवगन, सलमान-अभिषेक भी होंगे हिस्सा

अजय देवगन अपनी फिल्म भोला को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी कैथी ने एक अलग सिनेमेटिक यूनिवर्स की नींव रखी थी। ऐसे में अब अजय ने भी भोला के सिनेमेटिक यूनिवर्स पर बात की है। कैथी के यूनिवर्स की शुरुआत लोकेश की विक्रम के साथ हुई, जिसमें कमल हासन, विजय सेतुपति और फहाद फाजिल शामिल थे। फिल्म ने दुनिया भर में 4०० करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था और ऐसे में दर्शकों को भोला यूनिवर्स आने की उम्मीद थी।

अजय ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि भोला के साथ एक यूनिवर्स की शुरुआत होने वाली है। अभिनेता ने कहा, कैथी विक्रम के यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें विक्रम (1986) और विक्रम (2०22) शामिल हैं। भोला एक ऐसे नोट पर खत्म होगी, जहां आपको लगेगा कि इसका दूसरा पार्ट भी होगा। उन्होंने कहा, यह दूसरा पार्ट विक्रम या उसके जैसा नहीं होगा क्योंकि हम अलग तरह के नए किरदार लाएंगे।

अजय ने फिल्म के बारे में कहा, यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई गई है, जिसमें भरपूर एक्शन है। हमने जो वातावरण और परिवेश बनाया है, वो कुछ ऐसा है जो मुझे नहीं लगता कि लोगों ने ज्यादा देखा है। अभिनेता ने बताया कि फिल्म की कहानी को वैसा ही रखा गया है, लेकिन बहुत सारे किरदार और पटकथा का थोड़ा सा हिस्सा बदल गया है। फिल्म को लेकर अजय बता चुके हैं इसकी कहानी कैथी से ली गई है, लेकिन इसमें हिंदी दर्शकों के हिसाब से कई बदलाव किए गए हैं। कैथी के हिंदी राइट अजय को मिल गए हैं, लेकिन बाकी यूनिवर्स की फिल्में मेकर्स खुद ही हिंदी में लाने वाले हैं। ऐसे में अजय को भोला यूनिवर्स को आगे ले जाने के लिए नई कहानियां लेकर आनी होंगी, जिसके लिए वह पूरी तरह से तैयार हैं।

स फिल्म में तब्बू, दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा, गजराज राव, मकरंद देशपांडे और किरण कुमार मुख्य भूमिका में हैं। भोला के बाद अजय मैदान में नजर आएंगे, जिसकी कहानी 1952-1962 के दौरान भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम युग पर आधारित है। इसके अलावा वह रेड 2 की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे और रोहित शेट्टी के साथ सिंघम अगेन का हिस्सा हैं।

# अंगद बेदी साउथ में डेब्यू करने को तैयार

बॉलीवुड के कई सितारे इन दिनों दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपने पैर जमाने की कोशिश में लगे हैं। कई सितारे अपने डेब्यू में सफल रहे हैं, तो कुछ जल्द ही डेब्यू की तैयारी में हैं। अब अभिनेता अंगद बेदी इस सूची में शामिल होने जा रहे हैं। अंगद तेलुगू सुपरस्टार नानी की आने वाली फिल्म नानी 3० में नजर आएंगे, जिसमें मृणाल ठाकुर भी मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता जल्द ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं।

अंगद नानी 3० में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। यह अंगद और मृणाल का साथ में दूसरा प्रोजेक्ट है। दोनों जल्द ही रिलीज होने वाली आर बाल्की की शॉर्ट फिल्म लस्ट स्टोरीज 2 में भी दिखाई देंगे। अंगद फिलहाल फिल्म की तैयारी कर रहे हैं और जल्द नानी 3० की शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं। वह हाल ही में अपने लुक टेस्ट को फाइनल करने के लिए हैदराबाद भी गए थे।

अंगद के एक करीबी सूत्र ने कहा, वह फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। यह इस साल आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अंगद के दक्षिण भारतीय फिल्मों का हिस्सा बनने का प्रमुख कारण यह कि वह ऐसी फिल्मों को आजमाना चाहते थे जो विभिन्न प्रकार के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई हों। शौर्य के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक इमोशनल ड्रामा है, जिसमें बाप-बेटी के रिश्ते की कहानी देखने को मिलेगी।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी के घर जन्मे अंगद अंडर-19 क्रिकेट खेल चुके हैं। कॉलेज के बाद उन्होंने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया। उन्होंने 2०1० में एक्स्ट्रा इनिंग्स टी-2० की मेजबानी की है। यह शो आयुष्मान खुराना के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान मैच सत्र के बीच में प्रसारित होता था। 2००4 में काया तरण से फिल्मी सफर शुरू करने वाले अंगद फालतू, पिंक, डियर जिंदगी और टाइगर जिंदा है जैसी फिल्मों में दिखे हैं।

पिछले साल आलिया भट्ट और अजय देवगन ने आरआरआर से साउथ में डेब्यू किया था। इनके अलावा केएफजी 2 से संजय दत्त और लाइगर से अनन्या पांडे ने भी साउथ में कदम रखा। अब एनटीआर 3० से जाह्नवी कपूर भी डेब्यू के लिए तैयार हैं। (आरएनएस)

# सामयिक : ग्रामीण प्रतिभाएं सामने आएं

भारत डोगरा

प्राय: वैज्ञानिक छोटे और साधारण किसानों की कृषि को पिछड़ी हुई मानते हैं, और इस कारण इसकी उपेक्षा भी करते हैं।

दूसरी ओर शीर्ष वैज्ञानिक डॉ. आर.एच. रिछारिया कहा करते थे: 'हमें साधारण किसानों विशेषकर आदिवासी किसानों से बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है, और हमें उनके परंपरागत ज्ञान और प्रयासों को समझने और सीखने का प्रयास करना चाहिए।'

चावल अनुसंधान का भारत में बहुत उत्साहवर्धक काम डॉ. रिछारिया के नेतृत्व में तत्कालीन मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में किया गया। अधिकतर काम मध्य प्रदेश चावल अनुसंधान संस्थान (मप्रचअस) में हुआ जिसके निदेशक डॉ. रिछारिया थे। छत्तीसगढ़ क्षेत्र से 17००० से भी अधिक चावल की किस्में और उप-किस्में एकत्र की गई, अनेक सुधरे चयन किए गए, अनेक देसी अधिक उत्पादकता की किस्मों की पहचान की गई और देशीय जनन-द्रव्य पर आधारित उत्साहवर्धक और महत्त्वपूर्ण संभावनाओं वाला कार्यक्रम विकसित किया गया। उस समय के मप्रचअस के प्रकाशनों और दस्तावेज में इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया।

डॉ. रिछारिया द्वारा लिखित वर्ष 1977 के दस्तावेज 'मध्य प्रदेश में चावल का दीर्घकालीन विकास सुनिश्चित करने के लिए रणनीति' (अ स्ट्रेटजी फॉर राइस प्रोडक्शन टू एंश्योर सस्टेंड ग्रोथ इन मध्य प्रदेश) से नीचे के तथ्य लिए गए हैं। इस दस्तावेज में सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह स्पष्ट की गई है कि विदेशीय अधिक उत्पादकता की किस्मों (अउकि) के बराबर या उससे अधिक उत्पादकता अपेक्षाकृत कहीं कम खर्च में देने वाली अनेक देसी अउकि भी उपलब्ध हैं।

1975 में ऐसी अनेक किस्मों पर राज्य भर में व्यापक प्रयोग किए गए जिनके परिणामस्वरूप उनसे औसतन 3984 किग्रा. प्रति हेक्टेयर धान या 2269 किग्रा. प्रति हेक्टेयर चावल की उत्पादकता प्राप्त हुई जो उस समय मध्य प्रदेश कृषि विभाग द्वारा निर्धारित अउकि की परिभाषा की (37०5 किग्रा. धान प्रति हेक्टेयर) से अधिक थी। इस दस्तावेज में विभिन्न देशी किस्मों से उपलब्ध होने वाली अधिक उत्पादकता को विस्तार में बता कर कहा गया है कि बी.डी. सीरीज के अंतर्गत चयनित किस्में निकट भविष्य में उत्पादकता बढ़ाने का आधार सिद्ध हो सकती हैं, और स्वाद, विनाशक जंतुओं और कुछ हद तक सूखे से प्रतिरोध की दृष्टि से भी लाभप्रद हैं।

देशी किस्मों में से लगभग 9 प्रतिशत अउकि पाई गई जो 37०5 किग्रा. धान प्रति हेक्टेयर से अधिक उत्पादकता दे रही थीं। प्राय: वे कुछ थोड़े से हिस्सों या किसानों तक सीमित थीं। मप्रचअस ने उनके सुधरे चयन विकसित किए और उपलब्ध कराए। कुछ देशी बौनी किस्मों की भी पहचान की गई। 8 प्रतिशत देशी किस्मों को शीघ्र तैयार होने वाला पाया गया। अनेक किस्मों में सूखा प्रतिरोधन सामर्थ्य पाई गई और वे विशेषकर उच्च भूमि (अपलैंड्स) या 'टिकरा भाटा' जमीन के लिए उपयोगी पाई गई। उनके विकसित चयन उपलब्ध करवाए गए जो विनाशक जंतुओं के भी प्रतिरोधी थे। कुछ किस्में बहुत जल्दी तैयार होती थीं और उनकी खाद की जरूरत भी कम थी।

इसी प्रकार 273 सुगंधित किस्मों की पहचान की गई जैसे सेहावा नगरी की डुबराज और डाबरा की काली मूंछ। अनेक ऊंची कीमत उपलब्ध कराने वाली बढ़िया दाने की किस्मों की पहचान हुई जैसे तिल कस्तूरी, मोतीचूर, कटकी कमेली आदि। लंबे दाने की किस्मों जैसे डोकरा डेकरी का भी पता लगाया गया। चिलको किस्म की चपाती बनती थी और खोवा किस्म का सूखे दूध जैसा स्वाद पाया गया। एक किसान वैज्ञानिक मंगल सिंह के अनुभवों और उपलब्धियों से पता चलता है कि किसानों की समस्याओं की बहुत व्यावहारिक समझ होने के कारण किसान वैज्ञानिक खेती की समस्याओं के समाधान में कितना महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। हमारे देश में लाखों किसान बहते नदी-नालों से खेत की सिंचाई करने के लिए डीजल पंप सेट से पानी उठाते हैं। अनेक गांवों में पेयजल के लिए या अन्य उपयोग के लिए भी इस तरह पानी उठाया जाता है। इस डीजल पर किसानों का बहुत पैसा खर्च होता है और प्रदूषण होता है सो अलग। ललितपुर जिले (उत्तर प्रदेश) के मंगल सिंह ने किसानों की इस समस्या को समझा और मंगल टरबाइन बना कर ऐसी व्यवस्था संभव की कि बिना डीजल और बिजली के ही पानी उठाकर प्यासे खेतों तक पंहुचाया जा सके।

अपने इस पेटेंट प्राप्त आविष्कार के बारे में मंगल सिंह स्वयं बताते हैं, मंगल टरबाइन गांव में ही बनने वाली ऐसी मशीन है, ग्रामीण तकनीकी है जो बहती जल धारा से चलती है। एक आवश्यकता के अनुरूप छोटा-बड़ा व्हील बनाते हैं, जिसे एक चक्कर बढ़ाने वाले गियर बॉक्स से जोड़ते हैं जिससे इंजन मोटर की भांति तेज स्पीड चक्कर बनते हैं। गियर बाक्स की आउटपुट शॉफ्ट दोनों तरफ निकली होती है, जिससे क्लोकवाइज या एंटी-क्लोकवाइज कोई एक या दोनों भी एक साथ पंप चला सकते हैं। गियर बॉक्स की शॉफ्ट के दूसरे सिरे पर पुल्ली लगाकर कुट्टी मशीन, आटा चक्की, गन्ना पिराई या कोई भी अन्य कार्य कर सकते हैं या जनरेटर जोड़ कर बिजली बना सकते हैं। आम तौर पर ग्रामीण इलाकों में जहां किसान नदी-नालों से डीजल या बिजली पंपों से सिंचाई करते हैं, वहां मंगल टरबाइन द्वारा बिना इंजन, बिना मोटर, बिना डीजल, बिना बिजली के सिंचाई करते हैं। पाइपों द्वारा पानी कहीं भी ले जा सकते हैं। पीने के लिए भी पानी पंप कर सकते हैं।

मंगल टरबाइन का उपयोग यदि उन सभी स्थानों पर किया जाए जो इसके अनुकूल हैं, तो इससे करोड़ों लीटर डीजल की बचत सालाना हो सकती है, और किसान का खर्च भी बहुत कम हो सकता है। प्रदूषण विशेषकर ग्रीनहाऊस गैसों का उत्सर्जन भी बहुत कम होगा। मंगल टरबाइन को सिंचाई और कुटीर उद्योगों के लिए वरदान बताते हुए आईआईटी, दिल्ली और विज्ञान शिक्षा केंद्र के एक अध्ययन ने बताया है कि पूरी तकनीक ऐसी है, जो गांव स्तर पर अपनाई जा सकती है, और इससे गांवों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा। भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नियुक्त बीपी मैथानी समिति ने इस बारे में विस्तृत संस्तुतियां भी दी हैं कि मंगल टरबाइन का व्यापक प्रसार किया जाए।

## बंगाली फिल्म चेंगिज हिंदी में भी होगी रिलीज

बंगाली अभिनेता जीत फिल्म चेंगिज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह फिल्म ईद के मौके पर 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए, तैयार है। दिलचस्प बात यह है कि चेंगिज बंगला समेत हिंदी भाषा में भी रिलीज होगी। ऐसे में यह पहली बंगाली फिल्म होगी, जिसे साथ में हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। निर्माताओं ने मंगलवार को चेंगिज का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें जीत का एक अलग अंदाज देखने को मिल रहा है।

फिल्म में नजर आएंगे ये कलाकार

इस फिल्म को जीत फिल्म वर्क्स एसोसिएशन और एए फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है।

यह फिल्म गोपाल मदनानी और अमित जुमरानी द्वारा निर्मित है, जबकि राजेश गांगुली ने इसका निर्देशन किया है। चेंगिज में शताफ फिगार, सुष्मिता चटर्जी और रोहित बोस रॉय भी प्रमुख भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 197० से लेकर 199० के दशक मध्य तक कोलकाता के अंडरवर्ल्ड पर आधारित होगी। ऐसे में इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

'साथी', 'नाटेर गुरु', 'संगी', 'बंधन', 'युद्धो', 'जोर', 'वांटेड', 'दुई पृथ्वी', 'नट गुरु', 'बॉस: बॉर्न टू रूल', 'द रॉयल बंगाल टाइगर', 'बच्चन' और 'बादशा- द डॉन' जैसी कई हिट फिल्मों में काम कर चुके बंगाली सुपरस्टार जीत 'चेंगिज' में बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म में रोहित बोस रॉय और सुष्मिता चटर्जी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।(आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.079

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.78 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# डब्ल्यूपीएल-2023 : दनादन रन झमाझम धन

संदीप भूषण

वर्ष 1976 में पहला टेस्ट मैच खेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भारतीय क्रिकेट बोर्ड का हिस्सा बनने में तीन दशक का समय लगा और 2००6 के करीब भारतीय महिला क्रिकेट संघ का बीसीसीआई में विलय हुआ।

हालांकि, खेल में महिलाओं की दावेदारी 2०16 के रियो ओलंपिक और 2०18 के क्रिकेट विश्व कप प्रदर्शन ने और मजबूत कर दी। बदलाव की यही जो नींव पड़ी आज महिला प्रीमियर लीग के रूप में बेहतर मुकाम पाने की तरफ बढ़ रही है। छब्बीस मार्च को जिस भी टीम की जीत हो, महिला क्रिकेट इतिहास के लिए यह स्वर्णिम दिन होगा। इस प्रीमियर लीग ने जहां एक तरफ पुरु ष का खेल माने जाने वाले क्रिकेट में महिलाओं की जबरदस्त उपस्थिति दर्ज कराई है, वहीं आर्थिक मोर्चे पर भी कई सफलताएं हासिल कर ली हैं। लीग के पहले सत्र में ही मीडिया अधिकार पाने की होड़ लगी हुई थी। अंत में रिलायंस के अधिकार वाले बायोकॉम ने 951 करोड़ की बोली लगाकर पांच वर्ष के लिए इसे हासिल किया और प्रति मैच 7.०9 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई।

यह पहली कामयाबी थी, जिससे समझना आसान हो गया कि क्रिकेट में महिलाएं भी पुरु षों के बराबर पर खड़ी हो सकती हैं। पुरु ष आईपीएल की शुरु आत में 2००8 में सोनी ने मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए (2००8-17) 8,2०० करोड़ रु पये का भुगतान किया था। बाद में जब डिज्नी-स्टार ने मीडिया अधिकार हासिल किए तो 2०18 से 2०22 के बीच उसका मूल्य दोगुना बढ़कर 16,347.5 करोड़ रु पये यानी प्रति मैच 55 करोड़ रु पये हो गया। यह महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले भले ही कम हो, लेकिन शुरु आत बेहतर होने से आगामी सत्रों के लिए उम्मीद तो बढ़ी ही है। प्रायोजकों ने भी महिला प्रीमियर लीग को हाथों-हाथ लिया है। साफ है कि बीते 15 वर्षों में ब्रांडों के लिए आईपीएल के साथ जुड़ना प्राथमिकता रही है।

सभी बड़े ब्रांड अपने टारगेट ऑडियंस तक पहुंचने के लिए इसे सबसे सटीक माध्यम मानते हैं।

चूंकि क्रिकेट में पुरुषों का बोलबाला था, पुरुष को ध्यान में रखकर प्रोडक्ट का प्रचार उनकी मजबूरी बन गई थी। अब महिला प्रीमियर लीग ने उनके लिए नया मंच मुहैया कराया है, जहां वे महिलाओं से जुड़े प्रोडक्ट का भी प्रचार-प्रसार कर पाएंगे। महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने वाले कई ब्रांड या तो महिला टीमों के माध्यम से या फिर ब्रॉडकास्टर के माध्यम से टूर्नामेंट से जुड़े हुए हैं। आज हम सौंदर्य प्रसाधन से लेकर आभूषण और यहां तक कि साड़ी के ब्रांड तक क्रिकेटरों को ब्रांड एम्बेसडर बना रहे हैं। तनिष्क, वेगा ब्यूटी, हिमालय फेस केयर आदि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रमुख प्रायोजकों शामिल हैं, और नवासा व जॉय पर्सनल केयर दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख प्रायोजक हैं। लोटस हर्बल्स मुंबई इंडियंस का प्रमुख भागीदार है। इससे साफ हो जाता है कि महिला प्रीमियर लीग ने आगामी क्रिकेटरों के लिए भविष्य के राह खोल दिए हैं। महिला खिलाड़ियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें भी खूब मेहनत कर रही हैं।

जमीनी स्तर की प्रतिभा को निखारने के लिए खेलो इंडिया जैसे आयोजन हो रहे हैं, तो इंफ्रास्ट्रक्टर के मोर्चे पर भी खूब खर्च किया जा रहा है। हॉकी और एथलेटिक्स में कॅरियर बनाने की चाह रखने वाली महिला खिलाड़ियों के लिए ओड़िशा सबसे माकूल जगह बनकर उभरा है। हरियाणा कुश्ती का हॉटस्पॉट बन गया है तो यूपी उत्तर भारत में बैडमिंटन और एथलेटिक्स के साथ क्रिकेट खिलाड़ियों की फौज तैयार कर रहा है, तो झारखंड तीरंदाजी, बिहार और हिमाचल रग्बी आदि के खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं। हैदराबाद बैडमिंटन में सिरमौर है तो नॉर्थ-ईस्ट मुक्केबाज तैयार कर रहा है। उत्तर प्रदेश में महिला खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार पूरे प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को तलाशने की योजना पर काम कर रही है। सरकार इसके तहत शॉर्टलिस्ट की गई महिला एथलीटों को 5 लाख रु पये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

# लाखों की स्मैक सहित दो दबोचे

हमारे संवाददाता

देहरादून। नशा तस्करी में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने लाखों की स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना पुलभट्टा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को थाना गेट पुलभट्टा पर बाइक सवार दो संदिग्ध लोग आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया गया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 25.23 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में उन्होने अपना नाम मनोज सिंह अरमोली पुत्र स्व नारायण सिंह निवासी बिन्दुखता गांधीनगर प्रथम थाना लाल कुआ जिला नैनीताल व कमल सिह कोरंगा पुत्र विशन सिंह कोरंगा निवासी ग्राम लीथी सामा थाना कपकोट जिला बागेश्वर बताया। बताया कि वह बरामद स्मैक बहेडी रेलवे स्टेशन से कल्लू नामक व्यक्ति से खरीदकर लाये है। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश कर दिया है। बरामद स्मैक की कीमत ढाई लाख रूपये बतायी जा रही है।

# फायर कर्मियों की त्वरित कार्यवाही, दुकानों में लगी आग पर पाया काबू

हमारे संवाददाता

चमोली। फायर कर्मियों की त्वरित कार्यवाही से चार-पांच दुकानों में लगी आग पर काबू पाया जा सका। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।



घटना चमोली जनपद के नन्द्रप्रयाग घाट रोड की है। जानकारी के अनुसार आज सुबह कोतवाली चमोली व फायर सर्विस गोपेश्वर को डीसीआर द्वारा सूचना दी गयी कि नन्दप्रयाग घाट रोड़ पर स्थित 4-5 दुकानों में अचानक आग लग गयी है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए चौकी नन्दप्रयाग व फायर सर्विस गोपेश्वर के कर्मी मय आपदा उपकरणों व फायर टेण्डर के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, इस दौरान आग तेजी से अन्य दुकानों की ओर बढ़ रही थी। फायर सर्विस के कर्मियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बचाया जा सका। आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। मौके पर स्थानीय पुलिस व फायर सर्विस गोपेश्वर की टीम चालक अमर सिंह, चालक नरेश सिंह, एफएम अनूप सिंह, एफएम प्रवीण उनियाल, एफएम लोकपाल टाकुली, एफएम लतेश कुमार मैजूर रहे

# हनुमान जयंती पर किया विशाल भंडारे का आयोजन

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। हनुमान जयंती के मौके पर चावल ट्रेडर्स पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। हनमान जयंती के मौके पर आज मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही जबकि कई स्थानों पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ किया गया। हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था और कपाट बंद होने तक भीड़ रही। अंबर तालाब स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान भक्तों का दिन भर आना जाना रहा। इस अवसर पर कमल चावला ने कहा कि रामभक्त हनुमान सभी प्रकार के संकटों को दूर करने वाले हैं, इसलिए उन्हें संकटहरण भी कहा जाता है। उन्होने बताया कि चावला ट्रेडर्स रुड़की पर भंडारे का प्रसाद लेने के लिए आज भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर कमल चावला, रुचि चावला, विभोर खन्ना, गुरजिंदर सिंह, वैभव गुप्ता, मोनू चावला, शकुंतला चावला, आरसी ठाकुर, स्नेहा ठाकुर, दिव्यांशी चावला, दीपा मैदान, पूजा अग्रवाल, आदि लोगो ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

## यातायात व्यवस्था के लिए एरिया..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

मुख्य सचिव ने आमजन में यातायात संकुलन को कम करने के लिए शिक्षित किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बच्चों को ऑनलाईन ड्राईविंग ट्रेनिंग के लिए मॉड्यूल तैयार किया जाए, जो ऑनलाईन उपलब्ध रहे। उन्होंने लोगों के व्यवहार में सुधार लाने के लिए लघु फिल्मों के माध्यम से प्रचार-प्रसार के साथ ही आने वाली पीढ़ी को यातायात नियमों के विषय में अधिक से अधिक शिक्षित किए जाने की दिशा में कार्य किया जाने हेतु प्रयास किए जाने की बात कही। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कारपोरेशन जितेन्द्र त्यागी, निदेशक यातायात मुख्तार मोहसिन, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, एसएसपी देहरादून दिलीप सिंह कुंवर, मुख्य नगर अधिकारी मनुज गोयल एवं एसपी ट्रैफिक अक्षय प्रह्लाद कोण्डे सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने निरीक्षण कर खाद्य पदार्थो की सैम्पलिंग की

हमारे संवाददाता

टिहरी। चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की आमद के मद्देनजर अब खाद्य सुरक्षा विभाग भी हरकत में आ गया है। खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन द्वारा टिहरी जनपद में तीन दिवसीय अभियान चलाकर रिसार्ट, कैम्प हाउस व रेस्टोरेंट्स में औचक निरीक्षण कर कई खाद्य पदार्थो की सैम्पलिग की गयी है।



आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा. आर. राजेश कुमार के आदेश के अनुपालन में प्रदेश में वृहद स्तर पर सैंपलिंग निरीक्षण कार्य योजना के अंतर्गत विशेष अभियान के तहत उपायुक्त खाद्य सुरक्षा गढ़वाल मंडल एवं उपायुक्त खाद्य सुरक्षा मुख्यालय के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम द्वारा बीते दिवस जनपद टिहरी में तीसरे दिन ऋषिकेश व्यासी मार्ग शिवपुरी क्षेत्र के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के नियम अनुसार रिसोर्ट, कैंप हाउस, रेस्टोरेंट्स आदि का औचक निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान निमराना रिसोर्ट कोडियाल्स में स्टोरेज का रख रखाव सही नहीं पाये जाने पर उनको नोटिस जारी किया गया।

निरीक्षण के दौरान स्नो पैंथर रिसॉर्ट कैंप में खुली हल्दी पाउडर पाये जाने पर उनका नमूना लिया गया। फूड राइड रेस्टोरेंट्स शिवपुरी में निरीक्षण के दौरान एक दाल एवं चावल कुल 2 नमूने जांच हेतु लिए गए। इस दौरान विभागीय टीम द्वारा क्षेत्र में होटल, रेस्टोरेंट, कैंप व फुटकर खाद्य विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में खाद्य लाइसेंस पंजीकरण की जांच की गई तथा लाइसेंस शर्तों का अनुपालन न करने पर नोटिस जारी किए गए। किचन व स्टोर में खाद्य सामग्री की मियांद तिथि व अन्य जानकारियों का भी परीक्षण किया गया। इस दौरान कालातीत पदार्थों जैसे मसाले, पापड, चिप्स आदि को नष्ट करवाया गया। प्रतिष्ठानों को खाद्य लाइसेंस व फूड सेफ्टी डिस्प्ले को अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

एफडीए टीम द्वारा विगत दिवसों में शिवपुरी क्षेत्र के कैंप, रिसोर्ट के निरीक्षण उपरांत जारी नोटिस के अनुपालन में संबंधित फर्म द्वारा दिए गए सुधार का भी पर्यवेक्षण किया गया। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उक्त कार्यवाही चारधाम यात्रा के मद्देनजर लगातार जारी रहेगी। उक्त तीन दिवसीय अभियान में उपायुक्त खाद्य सुरक्षा गढ़वाल मंडल आर.एस.रावत, उपायुक्त खाद्य सुरक्षा मुख्यालय जी.सी.कंडवाल, अभिहित अधिकारी टिहरी एम. एन. जोशी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा शर्मा, तथा एफडीए विजिलेंस के एसआई जगदीश रतूड़ी एवं योगेंद्र नेगी सम्मिलित रहे।

इस तीन दिवसीय कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कुल 19 सैंपल जांच हेतु एकत्र किए गए है। खाद्य सुरक्षा विश्लेषणशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मोटरसाईकिलों की भिडंत में घायल

संवाददाता

देहरादून। दो मोटरसाईकिलों की भिडंत में एक बाईक सवार घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जमनपुर निवासी नफीस अहमद ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी मोटरसाईकिल से बाजार से घर की तरफ जा रहा था जब वह सेलाकुई स्थित गुरूद्वारे के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे मोटरसाईकिल सवार ने उसकी मोटरसाईकिल पर टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बीजेपी स्थापना दिवस पर कैबिनेट मंत्री ने अपने आवास पर झंडा फहराया



देहरादून (सं)। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर अपने घर पर पार्टी का झण्डा फहराया।

आज यहां प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस के अवसर पर नेशवीला रोड़ स्थित अपने निजी आवास में पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी के साथ कई पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी के स्थापना दिवस की सभी पार्टी कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आज विश्व में अगर सबसे बड़ी पार्टी है, तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी है। जिसके आज सबसे अधिक कार्यकर्ता देश के अंदर है। मंत्री ने कहा कि भाजपा विचार आधारित पार्टी हैं, यहां पार्टी कार्यकर्ता एक परिवार के सदस्य की भांति आपसी प्रेम, सामंजस्य से रहकर कार्य करते है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से अंत्योदय की प्रेरणा को आत्मसात कर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, पार्षद सतेंद्र नाथ, जिला उपाध्यक्ष बबीता सहोत्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता



देहरादून। माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में स्थित 151 कुंतल वजन के दक्षिणमुखी हनुमान जी का भक्तों ने सवा कुंतल फूलों से पुष्पाभिषेक किया, श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

आज यहां हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना,जय श्री राम, जय बजरंगबली हनुमान, के गगनभेदी जयकारों, संगीतमई सुन्दर काण्ड पाठ, भजन कीर्तन, यज्ञ, प्रसाद वितरण के साथ माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में स्थित 151 कुंतल वजन के दक्षिणमुखी हनुमान जी का भक्तों ने सवा कुंतल फूलों से पुष्पाभिषेक किया, श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने कहा हनुमान जी से हमे धैर्य, साहस, निष्काम भाव से सेवा की प्रेरणा मिलती है। पंडित कमल जोशी और मंडली ने संगीतमई सुंदर काण्ड पाठ और भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी , पंडित जर्नादन नोटियाल ने पूजा और यज्ञ करवाया विशेष आरती के बाद दिन भर प्रसाद वितरित किया जाएगा आज के कार्यक्रम में डा. मथुरा दत्त जोशी, भगवती जोशी, राम सेवक शर्मा, गीता जोशी, पंडित कमल जोशी, जनार्दन नोटियाल, हितेश पंत, गणेश विजलवान, अरविंद बडोनी, लक्ष्मण राणा, महेश चौहान आदि का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

# बॉलीवुड का हमेशा से एक डार्क साइड रहा हैः विवेक ओबरॉय

मुंबई। हॉलीवुड और बॉलीवुड की क्वीन एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने बीते हफ्ते पहले दिए अपने इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया था कि उन्हें बॉलीवुड में गंदी राजनीति का शिकार होना पड़ा और उन्हें जानबूझकर कॉर्नर करने की कोशिश की गई। हालांकि इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन इस इंटरव्यू के बाद से बॉलीवुड के कई स्टार्स ने एक्ट्रेस का सपोर्ट किया और अपनी आपबीती शेयर की। इस लिस्ट में कंगना रनौत, मीरा चोपड़ा, सिंगर अमाल मलिक, शेखर सुमन तक का नाम शामिल है लेकिन अब लिस्ट में विवेक ओबरॉय का नाम जुड़ गया है। उन्होंने भी मौका मिलते ही बॉलीवुड का कच्चा-चिट्ठा खोल दिया। अपना दर्द बयां करते हुए विवेक ने कहा कि मुझे खुशी होती है कि अब इस खराब दौर से बाहर आ चुका हूं। ये मेरे लिए किसी अग्निपरीक्षा की तरह रही और उससे बच कर निकल आया लेकिन मुझे लगता है कि हर कोई मेरी तरह भाग्यशाली नहीं होता है, जो इन सब चीजों से बाहर आ सके। पीसी के स्टेटमेंट का सपोर्ट करते हुए विवेक ने कहा कि मैं भी बहुत सारी चीजों से गुजरा था, जिनका मुझसे कोई लेना-देना नहीं था। बॉलीवुड में दमदार लोग हैं, उनकी लॉबी है..। बॉलीवुड का हमेशा से एक डार्क साइड रहा है, जिससे एक समय में मैं भी गुजरा था लेकिन ऐसी परिस्थितियों में भी मैंने कभी हार नहीं मानी थी। हालांकि ये दौर बहुत निराशाजनक होता है। उन्होंने बताया कि श्शूटआउट एट लोखंडवालाश जैसी हिट फिल्म देने के बाद उन्हें 14 महीने काम नहीं मिला था लेकिन इस दौर में मैंने खुद को संभाला और हिम्मत नहीं हारी..। बता दें कि विवेक की सबसे बड़ी कॉन्ट्रोवर्सी सलमान खान के साथ जोड़कर देखी जाती है। विवेक ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि सलमान उन्हें धमकी दे रहे हैं क्योंकि वो ऐश्वर्या राय को डेट कर रहे हैं।

# उत्तरकाशी में भूकम्प के झटकों से दहशत का माहौल

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। जनपद में लगातार आ रहे भूकंप के झटको से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है,आज सुबह एक बार फिर उत्तरकाशी में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। बता दें कि जनपद उत्तरकाशी में मार्च माह से ही भूकंप के झटकों का दौर लगातार जारी है। बीते मार्च माह में यहां 5 बार भूकंप के झटके महसूस किये गये है। हालांकि इससे कोई बड़ी हानि तो नहीं हुई है लेकिन लोग काफी डरे हुए हैं। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गये है। जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 आंकी गयी है। बताया जा रहा है कि भूकम्प का केंद्र उत्तरकाशी में मांडों के जंगलों में जमीन से पांच किमी नीचे था। भूकम्प सुबह 5.40 बजे आना बताया जा रहा है, हालांकि भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। लेकिन बार-बार आ रहे भूकंप के इन झटकों से लोगों में भय का माहौल है।

# अफीम से हेरोइन बनाने वाले अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बड़े पैमाने पर अफीम से हेरोइन बनाने वाले अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। एक नाबालिग समेत आठ लोगों को पकड़ा है। इनमें एक अफगान नागरिक भी शामिल हैं। इनसे कुल 8 किलो 563 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन जब्त हुई। इस हेरोइन की कीमत 50 करोड़ आंकी गई है। पुलिस ने मामले में मिक्सिंग पाउडर, केमिकल, रंग, शीशी, बर्तन, गैस सिलेंडर, पैकिंग सामग्री, वजन मशीन, मिक्सर ग्राइंडर और कैश काउंटिंग मशीन जब्त की है। आरोपियों को दो ऑपरेशन के तहत पकड़ा गया। स्पेशल सीपी रविन्द्र यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशों पर दिल्ली पुलिस ड्रग्स रैकेट सरगनाओं की धरपकड़ में जुटी है। इसी कड़ी में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अफगानिस्तान के एक सिंडिकेट के बारे में जानकारी मिली थी। पता चला था कि अच्छी गुणवत्ता वाली हेरोइन बनाने के बाद इस रैकेट में शामिल लोग उसे पंजाब ले जाते थे। एनडीआर सेक्शन की टीम ने रूहुल्लाह उर्फ अकबर नाम के एक अफगानी और उसके दो साथियों सिद्दीक अंसारी और गुड्डू अंसारी को ट्रैप लगाकर जाफराबाद इलाके से पकड़ा। इनके पास से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की गई। वहीं, दूसरे ऑपरेशन के तहत एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मुखबिर से मिले इनपुट के बाद मोहम्मद जाहिद को हिरासत में लिया। वह ड्रग डीलर है। इसकी निशानदेही पर पुलिस टीम ने मौजपुर के विजय पार्क में एक रिहायशी इमारत में चल रही एक लैब का भंडाफोड़ किया, जहां पर हेरोइन बनायी जाती थी। इस ड्रग डीलर को मजनूं का टीला, दिल्ली की ओर जाने वाले सिग्नेचर ब्रिज लूप के पास ट्रैप लगाकर पकड़ा गया। उसके पास मिली स्कूटी की डिग्गी से पांच सौ ग्राम हेरोइन जब्त की गई।

# हनुमान जन्मोत्सवः बजरंग दल सहित हिन्दूवादी संगठनों ने निकाली शोभा यात्रा

संवाददाता




देहरादून। हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल सहित हिन्दूवादी संगठनों ने शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली। वह जहां से भी गुजरते वहां लोगों की भीड एकत्रित हो जाती। शोभायात्रा से पूरी राजधानी राममय हो गयी। हर जगह भगवा दिखायी दे रहा था।

आज यहां हनुमान जन्मोत्सव के दौरान बजरंग दल व अन्य हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता हिन्दू नेशनल इंटर कालेज के मैदान में एकत्रित हुए। जहां से चार पहिया वाहन, दुपहिया वाहनों से जय श्रीराम के नारों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा हिन्दू नेशनल इंटर कालेज प्रांगण से होते हुए सहारनपुर चौक पहुंची जहां पर विशाल शोभायात्रा को देख पुलिस प्रशासन के भी हाथ पांव फुल गये। शोभायात्रा में युवक "जय श्रीराम" के नारों के साथ ही डीजे पर हरहर महादेव के गानों की धून पर युवक नाचते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा सहारनपुर चौक से रेलवे स्टेशन, प्रिंस चौक, गांधी रोड, तहसील चौक दर्शनलाल चौक होते हुए घंटाघर पहुंची। शोभायात्रा में घंटाघर पहुंचने पर घंटाघर के आसपास पूरा माहौल भगवा फहर गया। जहां तक नजर जाती वहां पर पूरा माहौल भगवा हो रखा था। घंटाघर चौक पर काफी देर तक जय श्रीराम के नारों के साथ ही डीजे की धुन में युवक नाचते हुए दिखायी दिये। इस दौरान कई युवकों ने यातायात की व्यवस्था को भी सम्भाले रखा। वहीं पुलिस विभाग को भी यातायात सुचारू करने में पसीने छूट गये। शोभायात्रा घंटाघर से पल्टन बाजार में घुस गयी। शोभायात्रा के दौरान शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया तथा पेयजल व प्रसाद बांटा गया। पल्टन बाजार में भी घुसते ही शोभायात्रा का स्वागत किया गया तथा प्रसाद बांटा गया। शोभायात्रा पल्टन बाजार से धामावाला चौक पहुंची वहां पर भी उनका भव्य स्वागत किया गया तथा पेयजल व प्रसाद बांटा गया। इस दौरान बजरंग दल कार्यकर्ता जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। वहीं हर-हर महादेव के भी नारे लगाये गये। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में युवक, युवतियां व बुजुर्ग शामिल थे। जिसने हनुमान जन्मोत्सव को भव्य बना दिया। पल्टन बाजार से राजा रोड चौक से होते हुए वापस हिन्दू नेशनल इंटर कालेज पहुंच समाप्त हुई।

# एटीएम कार्ड चोरी कर निकाले ढाई लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। एटीएम कार्ड चोरी कर ढाई लाख रूपये निकालने के मामले में एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चीनी गोदाम रोड भैरव मन्दिर गुमानीवाला श्यामपुर बाई पास मार्ग निवासी हरीश कुमार नौटियाल ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका ए.टी.एम. कार्ड चोरी किया गया है तथा लगातार उससे पैसे निकाले जा रहे है। उसको बैंक स्टेटमेन्ट पढने पर यह ज्ञात हुआ कि उसके ए.टी.एम. कार्ड का प्रयोग कर लगभग ढाई लाख रूपये की चोरी की जा चुकी है अन्तिम ट्रान्जैकशन ए.टी.एम. कार्ड द्वारा 13 फरवरी को स्थान ए.टी.एम. यूनियन बैंक ऑफ इन्डिया श्यामपुर बाई पास से समय दोपहर तीन बजे एक हजार रूपये का हुआ उसने तुरन्त अपने बैंक मे इस विषय मे सूचना दी जिसके पश्चात बैंक कर्मियो द्वारा उसका ए.टी.एम. कार्ड ब्लाक किया गया तथा उसके द्वारा ए.टी.एम. की सी.सी.टी.वी. फुटेज निकलवायी गयी जिससे यह ज्ञात हुआ की चोरी रामेश्वर चन्द्रयाल निवासी भूमिया देबता मन्दिर गुमानीवाला द्वारा की जा रही है। जिसकी शिकायत उसके द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी बाई पास श्यामपुर को की गयी परन्तु पुलिस कोई कार्यवाही नही करती है। उसको शिकायत वापस लेने को कहते है तथा दोषी बाहर उसको जान से मारने की धमकी दे रहा है जिस कारण उसको हर समय किसी अनहोनी की आशंका होने के डर से ग्रसित रहता है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चिकित्सालयों में कोविड गाईड लाईन के अनुसार बनाएं व्यवस्थाएः डीएम

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि चिकित्सालयों में संक्रमण न फैले इसके लिए सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में कोविड गाईड लाईन के अनुसार व्यवस्थाएं बनाने हेतु निर्देशित कर दिया जाए।

आज यहां कोविड संक्रमण के नियंत्रण, बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि कोविड संक्रमण के बढते प्रकरणों के दृष्टिगत चिकित्सालयों में उपलब्ध उपकरण एवं सुविधाओं को सक्रिय रखें साथ ही चिकित्सालयों में बैड, आक्सीजन आदि व्यवस्थाएं जांच लें।

उन्होंने मुख्य चिकित्धिकारी को निर्देश दिए कि चिकित्सालयों में संक्रमण न फैले इसके लिए सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में कोविडगाईड लाईन के अनुसार व्यवस्थाएं बनाने हेतु निर्देशित कर दिया जाए, ताकि चिकित्सालयों में भर्ती अन्य मरीजों को कोविड संक्रमित होने का खतरा न रहे। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि अभी जो मरीज हॉस्पिटल में भर्ती हुए है, वे को-मोर्बिटी अवस्था वाले है। सामान्य संक्रमित मरीज को हॉस्पिटल में भर्ती करने की आवश्यकता नही पड़ रही है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं समस्त एमओआईसी सहित नगर निगम, नगर पालिका परिषदों को निर्देशित किया कि कोविड संक्रमण से बचाव के दृष्टिगत अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुए विभिन्न माध्यमों से जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित करें। जिलाधिकारी ने जनमानस से अनुरोध किया घबराने की जरूरत नहीं कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करें, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं चिकित्सालयों में मास्क पहने तथा सेनिटाइजर का उपयोग करें, हॉथ साबुन से धोते रहें, अपने आसपास सफाई रखें तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ शिखा जंगपांगी, डॉ. सी.एस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक राजेन्द्र रावत, नगर निगम देहरादून के अधिकारियों सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*